**Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of Feb– 2025**

**No. IB/ETC/GZB/ 02/2025**

**केस स्टडी -1**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 04.02.2025 | 27800/KGP (SIV LOCO) | NPSB | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | गाडी सं. NPSB लोको स. 27800/KGP का प्रस्थान 9.38 पर आगरा से हुआ पलवल पास करने के पश्चात लोको के ब्लोअर व कम्प्रेशरों ने काम करना बंद कर दिया प्रेशर ड्राप होने के कारण train असावती होम सिग्नल पर खड़ी हो गयी \| | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | लोको पायलट ने ट्रबल शूटिंग की लेकिन सफलता नहीं मिली ,लोको पायलट ने TC /NDLS को सूचित किया ,TC द्वारा फ्यूज CCA की जाँच करने को कहा गया लेकिन LP ने फ्यूज बदलने में बहुत समय लगा दिया I LP खराबी के बारे में सही जानकारी TC /NDLS को नहीं दे पा रहा था जिससे रिलीफ लोको की मांग कर दी गयी \| CCA फ्यूज बदलने के बाद LP ने बताया की DJ बंद नहीं हो रहा है ,TC /NDLS ने ट्रबल शूटिंग करवा कर DJ बंद करवाया \| कुछ समय बाद LP ने TC /NDLS को बताया कि BP प्रेशर नहीं बन रहा है जांच करने पर पाया गया की A -9 हैंडल इमरजेंसी पर था तथा ट्रेन TWIN पाइप थी \| TC /NDLS द्वारा A -9 को रन पर रखवाया तथा FP एंगल कॉक बंद करवाया तब BP प्रेशर बनना शुरू हुआ \| 18.44 पर प्रेशर रेडी होने पर ट्रेन का प्रस्थान हुआ \| | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग जो लोको पायलट द्वारा की जानी चाहिए थी | यदि SIV लोको में ब्लोअर व कम्प्रेशर दोनों कार्य न करें तो फ्यूज CCA की जाँच करें यदि गल गया है तो फ्यूज CCA बदल दें यदि दोबारा गल जाये तो स्विच HOBA को OFF करके फिर CCA फ्यूज बदलें ,सफलता मिलने पर ब्लाक सेक्शन साफ़ करके TC से बात करें तथा उसके निर्देशों का पालन करें \| यदि HOBA ऑफ़ करने पर भी CCA फ्यूज गल रहा हो तो TC से बात करें \| | | |
| टिप्पणी | **ख़राब कार्य : उपरोक्त घटना में लोको पायलट ने TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग करने में असमर्थ रहा तथा TC /NDLS को सही खराबी के बारे में बताने में भी असमर्थ रहाजिससे ट्रेन का अत्यधिक विलंबन हुआ \|** | | |

**2. - केस स्टडी -2**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 12.02.2025 | 49086 / | E/BCN /TKD | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | ट्रेन no E /BCN /TKD का प्रस्थान 0.05 पर शामली स्टेशन से हुआ तथा KQL स्टेशन 0.19 पर पास किया जब train KQL –KPKI के बीच रन कर रही थी तो सतर्क LP ने ट्रैक पर एक लोहे का एंगल KM no 65 /5 पर रखा देखा \| LP ने तुरंत ब्रेक अप्लाई किये लेकिन ट्रेन एंगल से हिट होने के बाद खड़ी हुई \| LP ने एंगल को ट्रैक से निकाल कर ट्रैक से बाहर रखा तथा ट्रेन का प्रस्थान साईट से 0.38 पर हुआ \|<br>LP ने इस घटना की सूचना TC /NDLS तथा SM /KPKI को दी \| | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | LP सतर्क रहते हुए ट्रेन का संचालन कर रहा था जिससे समय रहते ब्रेक अप्लाई किये जिस कारण एक गंभीर दुर्घटना होने से बच गयी I | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | गाड़ी संचालन करते समय लोको पायलट को गाड़ी कार्य करते समय OHE एवं ट्रैक पर लगातार नजर रखनी चाहिये | | |
| टिप्पणी | अच्छा कार्य : लोको पायलट की सतर्कता के कारण एक गंभीर दुर्घटना होने से बच गयी । | | |

3. - केस स्टडी - 3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 15.02.2025 | 37170/GZB | 12430 | DLI |
| UOR/फेलियर विवरण | 15.2.25 को ट्रेन no 12430 लोको no 37170 /GZB का LPS /NDLS ने LPM/BE को NDLS स्टेशन पर चार्ज दिया \| ट्रेन का प्रस्थान 23.28 पर (3 मिनट लेट ) NDLS से हुआ ट्रेन चलने पर LPM को महसूस हुआ की train की गति 15 KMPH से अधिक नहीं बढ़ रही है \| DDU पर शंटिंग MODE शो हो रहा था \| LPM ने TC/NDLS को सूचित किया तथा ट्रेन को KM no 13333/30 पर (TKJ –BP )23.44 बजे खड़ी कर दी \|LP ने स्विच 160 को 1 से 0 तथा फिर 1 पर किया सफलता मिल गयी ,ट्रेन का प्रस्थान 23.45 पर हुआ \| | | |
| LPS /NDLS व लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | **LPS /NDLS ने NDLS स्टेशन पर चार्ज देते समय स्विच 160 को 0 से 1 पर किया लेकिन सावधानियों का पालन नहीं किया \|**<br>**LPM/BE ने भी चार्ज लेते समय स्विच 160 का सही तरीके से नार्मल होना तथा DDU पर शंटिंग मोड का मैसेज न आना सुनिश्चित नहीं किया \|** | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | स्विच 160 –इसकी दो पोजीशन होती हैं 0 तथा 1 \|<br>जब शंटिंग करनी हो तब स्विच 160 पोजीशन 0 पर होना चाहिए जिससे ट्रेन की गति 15 kmph से अधिक नहीं बढती है तथा जब सामान्य ट्रेन संचालन करना हो तो स्विच 160 पोजीशन 1 पर होना चाहिए जिससे ट्रेन अपनी सामान्य गति से चल सकती है \|<br>स्विच 160 को पोजीशन 0 से एक पर करने की शर्तें; 1- थ्रोटल 0 पर लायें 2-लोको खड़ा करें 3- रिवर्सर हैंडल को न्यूट्रल पर करें 4- BLKEY का D पर होना या CE का ऑन होना सुनिश्चित करें<br>अब स्विच 160 को पोजीशन 0 से 1 पर करें तथा सुनिश्चित करें कि DDU पर शंटिंग मोड का मैसेज न आ रहा हो \|<br>स्विच 160 का पोजीशन 1 से 0 पर करने की शर्ते ; उपरोक्त चारों शर्तें अपनाते हुए स्विच 160 को 1 से 0 पर करें तथा सुनिश्चित करें कि DDU पर शंटिंग मोड का मैसेज आ गया हो<br>नोट –LP जब भी LPS से स्टेशन पर चार्ज लें तो उपरोक्त सावधानियों का पालन करते हुए एक बार अपने हाथ से स्विच 160 को 1 से 0 तथा फिर 1 पर करें व सुनिश्चित करें कि DDU पर शंटिंग मोड का मैसेज न आ रहा हो \| | | |
| टिप्पणी | **खराब कार्य –LPS तथा LPM द्वारा स्विच 160 को आपरेट करते समय सावधानियों का पालन नहीं किया गया जिससे ट्रेन संचालन में विलंबता हुई \|** | | |

4 केस स्टडी -4

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 01 .02.2025 | 24068+24068/JHS | 04205 | लखनऊ |
| UOR/फेलियर विवरण | ट्रेन no 04205 के LP ने सूचना दी कि अयोध्या कैंट स्टेशन से चलने के पश्चात DDS स्क्रीन पर फाल्ट मैसेज DJ tripping due to VCB defective बार बार आ रहा है तथा दोष निवारण के पश्चात भी सही नहीं हुआ है। लोको को फाफामऊ स्टेशन पर CLI द्वारा चेक किया गया तो R-1 काक बंद स्थिति में मिला जिसको संभवतः लोको को डेड करते समय बंद कर दिया गया था। R-1 काक खोलने के पश्चात लोको नार्मल हो गया। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | LP द्वारा लोको को डेड बनाते समय डेड लोको बनाने की सही कार्यवाही नहीं की गयी क्योकि लोको डेड करने की कार्यवाही में R-1 कॉक को ऑपरेट नहीं किया जाता | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग जो लोको पायलट द्वारा की जानी चाहिए थी | कन्वेंशनल लोको डेड अटैच train के साथ जोड़ कर ले जाने का तरीका -।1.डेड लोको व वर्किंग लोको के बीच नयूमेटिक पाइप कनेक्शन मल्टिपल लोको की तरह करें (यदि MR/BC पाइप उपलब्ध हैं ) एवं एंगल काक को खोल दें दोनों लोको में मल्टिपल के समान काक पोजीशन रखें एवं सामान्य तरीके से काम करें .<br>2(a).डेड लोको व वर्किंग लोको के बीच BP ,FP पाइप कपल करें एवं एंगल काक खोल दें<br>(b).डेड लोको का MR4 स्वयं के C3W वाल्व द्वारा BP सप्लाई से चार्ज होगा<br>(c).डेड लोको की कैब में लगे MR गेज में BP का प्रेशर होना सुनिश्चित करें .<br>(d).डेड लोको के MU2B को लीड पर करें .<br>(e).वर्किंग लोको के A-9 से BP ड्राप करें एवं दोनों लोको में लोको ब्रेक का लगना तथा रिलीज होना सुनिश्चित करें .<br>3. यदि डेड लोको में MR4 5 kg/cm२ से चार्ज नहीं होता है तो MU2B को ट्रेल पर ही रहने दें और बोगी कट आउट काकों को बंद कर दें जिससे डेड लोको में ब्रेक नहीं लगेगा। | | |
| टिप्पणी | ख़राब कार्य : LP को लोको डेड अटैच करने की सही जानकारी नहीं थी जिससे ट्रेन की विलंबता हुई , साथ ही LP को भी यदि बार-बार उपरोक्त ट्रबल मिल रही थी और MCPA द्वारा प्रेशर पूरा होने पर पुनः VCB क्लोज हो रहा था तो उसका ध्यान स्वतः ही R-1 कॉकं पर जाना चाहिये था । | | |

(मुख्य प्रशिक्षक /वि.प्र.के./गा.बाद.)

Upendra 25.3.25
(उपेन्द्र कुमार )
(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1 दिनांक –25.03.25

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/ऑपरेशन, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, फिरोजपुर, अम्बाला, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ऑपरेशन/मुरादाबाद, - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
5. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ट्रैक्शन/जम्मू तवी , - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।